विचारार्थ विषय
वरिष्ठ परामर्शदाता – विधि (पीएनडीटी) (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपरोक्त पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और उत्तरदायित्व

1. विभिन्न अदालती मामलों का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना और पीसी व पीएनडीटी अधिनियम व नियमों के संबंध में कानूनी इनपुट उपलब्ध कराना।

2. चल रहे अदालती मामलों के लिए घटनाओं और उनके सार के संबंध में नियमित रूप से और समयबद्ध आधार पर समयसारणी बनाना तथा उन्हें अद्यतन करना और प्राप्त नोटिस के लिए कार्रवाई योजना बनाना।-

3. उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों के संबंध में एएसजी केन्द्र सरकारी/ सहायक एएसजी के स्थायी वकील के साथ समन्वय।

4. उच्च न्यायालय और अन्य न्यायालयों के एएसजी/ सीजीएससी, सहायक एएसजी से हिदायत लेने एवं उच्च न्यायालयों एवं अन्य न्यायालयों का दौरा करना।

5. उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय में लंबित अदालती मामलों की याचिकाओं और आवेदन पत्रों का पैरावार बिन्दुवार जवाब का मसौदा तैयार करना।

6. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के पीएनडीटी प्रभाग हेतु पीसी व पीएनडीटी नियमों व अधिनियम में संशोधन संबंधी मसौदा तैयार करना ।

7. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आरसीएच प्रभाग की ओर से एएसजी व सीजीएससी हेतु विधिक संक्षेपिकायें व टिप्पणियां तैयार करना।

8. अभिविन्यास सत्रों सम्मेलनों और सेमिनारों, क्षमता विकास सत्रों में भाग लेना व आयोजन में सहयोग करना तथा पीएनडीटी प्रभाग के आयोजन की समीक्षा में सहयोग।

9. भारत संघ अर्थात् स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जवाबी हलफनामा शपथ पत्रों और उत्तर का मसौदा तैयार करना।

10. विशिष्ट कानूनी मामलों का स्वतंत्र अनुसंधान और विश्लेषण करनानिगरानी करना। कानूनी मामलों की

11. महत्वपूर्ण अदालती मामलों की सुनवाई में भाग लेना और केन्द्र सरकार के सलाहकारों औरएएसजी को सार प्रस्तुत करना।

12. सक्षम अधिकारी द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य ।

पात्रता :

1. प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक
2. अपेक्षित अर्हता प्राप्त कने के बाद विधि मामलों का न्यूनतम 4-6 वर्ष का अनुभव। राज्य अथवा केन्द्र सरकार में कार्य का अनुभव, जन स्वास्थ्य प्रणाली की जानकारी तथा संगतपूर्ण सरकारी नीतियों/ कार्यनीतियों, विशेषकर एनएचएम/आरसीएच की जानकारी रखने वाले को वरीयता
3. उच्च न्यायालय और भारत के उच्चतम न्यायालय के स्तर पर अदालती मामलों को निपटाने का ज्ञान और अनुभव
4. उत्कृष्ट संचार कौशल मसौदा तैयार करने और कम्प्यूटर पर कार्य करने का अच्छा ज्ञान
5. अंग्रेज़ी में लिखने और बोलने का अच्छा ज्ञान और हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान, तथा एमएस ऑफिस और अन्य अनुप्रयोगों में कम्प्यूटर का ज्ञान ।
6. सुदृढ़ पारस्परिक संबंधों, संचार और टीम-वर्क का कौशल।

7. औपचारिक शैक्षिक योग्यता अनुभव और उम्र में छूट दी जा सकती है, जब उच्च गुणवत्ता का कोई प्रकाशित कार्य किया हो या जब किसी विशिष्ट प्रासंगिकता के कार्य का अनुभव हो।

आयु : आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को अधिकतम 55 वर्ष आयु और विस्तृत क्षेत्रीय दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक :प्रतिमाह 90,000 रुपए से 1, 30,000 रुपए के बीच।

स्थान : दिल्ली।

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **19-May-2017** को अपराह्न **4** बजे तक mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।